20. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

मुहावरे वे वाक्यांश होते हैं, जो एक विशेष अर्थ की ओर संकेत करते हैं। मुहावरे अपने शाब्दिक अर्थ के स्थान पर विशेष अर्थ प्रकट करते हैं। लोकोक्ति लोक में प्रचलित उक्ति या कथन होते हैं।

शिक्षण-संकेत

❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को मुहावरों के बारे में समझाएँ।

❖ पाठ पृष्ठ 133 पर दिए मुहावरों के उदाहरणों को पढ़ें। मुँह में पानी आना, बाएँ हाथ का खेल, नौ-दो ग्यारह इन मुहावरों के अर्थ समझाएँ।

❖ छात्रों से इन मुहावरों का कोई अन्य वाक्य प्रयोग करने को कहें।

❖ बताएँ, मुहावरे भाषा में सौंदर्य उत्पन्न करते हैं तथा इनके प्रयोग से अर्थ को बल मिलता है।

❖ मुहावरे की परिभाषा याद करवाकर सुनें।

❖ पाठ पृष्ठ 133-135 पर दिए मुहावरों, उनके अर्थ तथा वाक्य प्रयोग छात्रों से पढ़वाएँ।

❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।

❖ सुनिश्चित करें बच्चे पाठ विषय समझ पा रहे हैं। कुछ मुहावरे बोलें और छात्रों से उनका अर्थ जानें।

❖ छात्रों को लोकोक्ति के बारे में समझाएँ। लोकोक्ति की विशेषताओं से परिचित करवाएँ।

❖ पाठ पृष्ठ 135-137 पर दी गई लोकोक्तियाँ, अर्थ एवं उनके वाक्य प्रयोग छात्रों से पढ़वाएँ।

❖ छात्रों से कुछ अन्य लोकोक्तियाँ पूछें जो वे अपनी बातचीत में प्रयोग में लाते हैं।

❖ मुहावरे और लोकोक्ति का अंतर स्पष्ट करें।

❖ छात्रों द्वारा किया अभ्यास जाँचें।